an>

Title: Need to provide adequate compensation to farmers distressed due to loss of crops caused by heavy rains and hailstroms in Eastern Uttar Pradesh particularly in Salempur Parliamentary Constituency in the State.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर) ः गत रबी सीजन के दौरान उत्तर प्रदेश के अधिकांश जनपदों में हुई अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि के कारण व्यापक स्तर पर गेहूं सहित दलहनी और तिलहनी फसलों की बर्बादी हुई। केंद्र सरकार ने क्षति का आकलन कराने के बाद प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की घोषणा कि जिसमें राज्य सरकार को भी अंशदान करना था। उत्तर प्रदेश के अधिकांश जनपदों में प्रभावित किसानों को आपदा सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई, लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश किसानों को प्रशासनिक अक्षमता के कारण अभी तक आपदा सहायता राशि नहीं मिल सकी है। इस बीच खरीफ सीजन के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में पड़े भयंकर सूखे के कारण धान सहित दूसरी खरीफ फसलों की व्यापक क्षति हुई। जिसके चलते इस क्षेत्र के लघु एवं सीमान्त किसान परिवार भुखमरी के कगार पर हैं। हालत यह है कि आर्थिक अभाव के कारण छोटे किसान गेहूं की बुवाई के लिए खाद-बीज आदि की व्यवस्था करने में अक्षम हैं।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है वह गत रबी फसल की हुई क्षति से प्रभावित सहायता राशि से वंचित किसानों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने के साथ खरीफ फसल की हुई क्षति का भी आकलन करवाकर प्रभावित किसानों की क्षतिपूर्ति की व्यवस्था करायी जाए।